# प्रादर्श प्रश्न पत्र 2013–14

## विषय – राजनीति विज्ञान (Political Science)
## कक्षा – बारहवीं
## सेट–बी

**समय– 3 घंटे** | **पूर्णांक– 100**
**Time- 3 Hours** | **Maximum Mark – 100**

**निर्देश–**

i. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
ii. प्रश्न पत्र में दिये गये निर्देश सावधानी पूर्वक पढ़कर उत्तर लिखिए।
iii. प्रश्न 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है जिनके अन्तर्गत रिक्त स्थानों की पूर्ति, सत्य/असत्य, सही जोड़ी बनाना, एक वाक्य में उत्तर तथा सही विकल्प का चयन करना है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। 1x5= 5x5 = 25 अंक
iv. प्रश्न क्रमांक 6 से 24 तक में आन्तरिक विकल्प दिये गये है।
v. प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखना है।
vi. प्रश्न क्रमांक 11 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न के लिये 4 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखना है।
vii. प्रश्न क्रमांक 18 से 22 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखना है।
viii. प्रश्न क्रमांक 23 तथा 24 में प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक एवं प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखना है।

**Instructions –**

i. All question are compulsory.
ii. Please the instructions carefully before writing the answer.
iii. Q. No. 1 to 5 are objective type which contain fill up the Blank, True/False, match the column, one sentence answer and choose the correct answers. Each question is allotted 5 marks. 1x1 = 5x5 =25 Marks.
iv. Internal options are given in Q. No. 6 to 24.
v. Q. No. 6 to 10 carry 2 marks each and answer should be given in about 30 words.
vi. Q. No. 11 to 17 carry 4 marks each and answer should be given in about 75 words.
vii. Q. No. 18 to 22 carry 5 marks each and answer should be given in about 120 words.
viii. Q. No. 23 and 24 carry 6 marks each and answer should be given in about 150 words.

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(अ) बोल्शेविक क्रांति कब हुई –

(i) सन 1917 में (ii) सन 1921 में

(iii) सन 1912 में (iv) सन 1909 में

(ब) ताशकंद समझौता कब हुआ –

(i) सन 1955 में (ii) सन 1953 में

(iii) सन 1966 में (iv) सन 1969 में

(स) महिला सशक्तिकरण का अर्थ है –

(i) महिलाओं को कमजोर करना (ii) महिलाओं की अपेक्षा करना।

(iii) महलाओं को अनदेखा करना (iv) महिलाओं को मजबूत बनाना।

(द) संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहां है –

(i) वाशिंगटन (ii) न्यूयार्क

(iii) पेरिस (iv) चीन

(इ) अन्य पिछड़े वर्गों को सेवाओं में कितने प्रतिशत स्थान आरक्षित है –

(i) 23 प्रतिशत (ii) 25 प्रतिशत

(iii) 27 प्रतिशत (iv) 29 प्रतिशत

Choose correct option :-

(a) When did Bolshevik Revolution start -

(i) 1917 (ii) 1921

(iii) 1912 (iv) 1909

(b) When was Taskent Agreement Signed -

(i) 1955 (ii) 1953

(iii) 1966 (iv) 1969

(c) Women Empowerment means -

(i) Weakening of Women (ii) Neglecting women

(iii) Indifference to women (iv) Strengthening Women

(d) UN headquaters are situated in-

(i) Washington (ii) New York

(iii) Paris    (iv) China

(e) What is the percentage of reservation for OBCs -

(i) 23%    (ii) 25%

(iii) 27%    (iv) 29%

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

1. भारतीय संविधान में......................अनुच्छेद है।
2. आर्थिक उदारीकरण का उद्देश्य................के अवसरों में वृद्धि करना है।
3. व्यक्ति की स्वतंत्रता को................बाधित करती है।
4. गुट निरपेक्ष शिखर सम्मेलन में..................भाग लेते है।
5. भारत 30 अक्टूबर 1945 को................का सदस्य बना।

Fill in the blanks :-

(i) Indian Constitution has number of .........parts

(ii) The objective of open economy is to increase opportunities in...…………

(iii) ..........checks an individuals freedom.

(iv) ..........take part in the Non Allignment Summit.

(v) India became a member of …………. on 30th October 1945

प्रश्न 3. एक वाक्य में उत्तर दीजिए।

1. भारत भूमण्डलीकरण से कब जुड़ा?
2. नेपाल में किस क्षेत्रीय संगठन का मुख्यालय स्थित है?
3. संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष कौन थे?
4. संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?
5. विश्व राजीनति में गुट निरपेक्ष राष्ट्रों के संगठित समूह को क्या कहते है?

Answer in one sentence .

1. When did India associate with Globalization?
2. Which territorial organizations headquaters are situated in Nepal?
3. Who was the Chairman of Constituent Assembly?

4. When is the UN day celebrated?

5. What Non Alligned Nations known as in world politics ?

प्रश्न 4. स्तंभ 'अ' के लिए स्तंभ 'ब' से चुनकर सही जोड़ी बनाइये –

| | अ | – | ब |
|---|---|---|---|
| (अ) | वैश्वीकरण के समक्ष चुनौतियां | – | 1952 |
| (ब) | निःशस्त्रीकरण आयोग | – | 1972 |
| (स) | शिमला सम्मेलन | – | प्रतियोगिता बनाये रखना |
| (द) | क्षेत्रीय असंतुलन का कारण | – | 1986 |
| (इ) | हरारे शिखर सम्मेलन | – | आर्थिक स्थिति। |

Make the correct pair for column 'A' choosing from column 'B'

| | A | - | B |
|---|---|---|---|
| (a) | Percentage of literacy in india is | - | 1952 |
| (b) | Disarmament Comission | - | 1972 |
| (c) | Shimla Summit | - | promoting Competetion |
| (d) | Reason for territory disputes | - | 1986 |
| (e) | Harare Peak Summit | - | Economy |

प्रश्न 5. सत्य/असत्य 111लिखिए –

1. संयुक्त राष्ट्र संघ के छः प्रमुख अंग है।
2. भारत को सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता है।
3. अलगाववाद ने देश को कमजोर बनाया है।
4. विश्व बैंक विकास पर बल देता है।
5. पश्चिमी गुट का प्रमुख देश सोवियत संघ था।

Write true / false

(i) There are six prime organs of the UN

(ii) India is a permanent member of the UN.

(iii) Seperatism has weakened our country.

(iv) World Bank focuses on developement.

(v) Soviet Union is the chief nation among Western Alliance.

प्रश्न 6. आजाद कश्मीर क्या है

What is Free Kashmir?

अथवा

इन्स्ट्रूमेंट ऑफ एक्शेसन क्या है?

What is Instrument of Accession?

प्रश्न 7. राज्य पुनर्गठन आयोग की दो सिफारिशें लिखिए।

Give two suggessions of State Reorganization Commission

अथवा

कश्मीर समस्या के उदभव के कारण क्या थे?

Give reasons for rise of Kashmir Crisis

प्रश्न 8. संविधान सभा के पांच सदस्यों के नाम लिखिए।

Give names of five members of Constituent Assembly

अथवा

गणराज्य से क्या तात्पर्य है?

What is meant by Republic

प्रश्न 9. गुट निरपेक्ष आंदोलन के प्रमुख नेता कौन थे?

Who was the prime leader of Non Alliance Movement?

अथवा

सार्क के सदस्य राष्ट्र कौन–कौन से है?

Which are the member countries of SAARC?

प्रश्न 10. चीन ने भारत पर कब आक्रमण किया?

When did China Attack India?

अथवा

कश्मीर की सीमा किन–किन देशों से लगी है?

Which countries share their border with Kashmir?

प्रश्न 11. आर्थिक नियोजन का अर्थ बताइये एवं कोई दो परिभाषा लिखिये?

Write the meaning and two definitions of Economic planning.

अथवा
Or

क्रीमीलेयर वर्ग (सम्पन्न वर्ग) से आप क्या समझते है?

What do you mean by the creamy layer?

प्रश्न 12. क्षेत्रवाद को रोकने के लिये कोई चार उपाय बताइये?

Write four meansuers to combat regionalism.

अथवा
Or

सामाजिक असमानता का लोकतंत्र पर क्या प्रभाव पड़ता है?

What is the effect on democrancy of social inequality.

प्रश्न 13. राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन कब किया गया, आयोग के कार्य संक्षेप में लिखिये?

When did national commission for women established write its functions in brief.

अथवा
Or

सहकारी आंदोलन (सहकारिता) से होने वाले कोई चार लाभ बताइये?

Write four advantages of co operative movement?

प्रश्न 14. पंचशील के प्रमुख सिद्धांत लिखिये?

Write main principals of panch sheel?

अथवा

Or

तनाव शैथिल्य का अर्थ लिखिये एवं दो परिभाषाएं भी लिखिये।

What do you mean by the word 'Detente' ? Write two definitions

प्रश्न 15. विश्व बैंक की स्थापना कब की गई? बैंक की कार्यप्रणाली के निर्देशक सिद्धांत बताइये?

In which circumstances mahatma Gandhi ji had stared Non – Coperation Movement? Explain.

अथवा

Or

सार्क क्या है? सार्क के प्रमुख उद्देश्य लिखिये?

What is SAARC? What are the objectives of 'SAARC'.

प्रश्न 16. भारत–पाकिस्तान तनाव के दो मूलभूत कारण बताईये?

Write two besic reasons of differences between India and Pakistan.

अथवा

Or

नेपाल कहां स्थित है, यहां पर लोकतंत्र की स्थापना कब हुई? लिखिये।

Where is Nepal Situated? When did democracy Started here?

प्रश्न 17. भूमण्डलीकरण का अर्थ बताते हुए विशेषताएं बताईये। (कोई दो)

Write meaning and two characteristics of globalization.

अथवा

Or

आर्थिक उदारीकरण के प्रमुख उद्देश्य लिखिये?

Write main objectives of Economic liberalization.

प्रश्न 18. सरकार द्वारा राज्य पुनर्गठन आयोग की कौन–कौन सी सिफारिशें स्वीकार की गई है? समझाइये।

Which recommendations of the state reorganization commission have been accepted by the government?

अथवा

Or

हैदराबाद का भारतीय संघ में किस प्रकार विलय हुआ संक्षेप में लिखिये?

How did Hyderabad integrated in Indian Union? Write in brief?

प्रश्न 19. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के प्रमुख लक्ष्यों का उल्लेख कीजिये?

Write main aims of Eleventh five year plan?

अथवा

Or

अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विकास के लिये सरकार द्वारा उठाये गये कदमों की विवेचना कीजिये?

Which steps have been taken by the govt of India to improve the condition of Scheduled cast and scheduled tribes. Explain.

प्रश्न 20. ''निरक्षरता व्यक्ति की स्वतंत्रता को बाधित करती है?'' इस कथन की व्याख्या कीजिये।

'Illiteracy constrains the freedom of an individual' explain the statement.

अथवा

Or

आर्थिक असमानता से आप क्या समझते हैं? भारतीय संविधान में इसे दूर करने के कौन से उपाय प्रस्तावित हैं? लिखिये।

What do you mean be Economic inequality? What measures have been adopted in the constitution to remove it.

प्रश्न 21. पर्यावरण प्रदूषण से क्या तात्पर्य है? पर्यावरण प्रदूषण के कोई चार कारण संक्षेप में लिखिये?

What do you understand by environment pollution? Write brief four causes of environmental pollution.

अथवा

Or

चिपको आंदोलन के कर्णधार का नाम बताइये इस आंदोलन से क्या शिक्षा मिलती है।

Who was the founder of Chipko-Movement? Write teachings of Chipko Movement.

प्रश्न 22. भारतीय विदेश नीति के प्रमुख सिद्धांत लिखिये?

Write main principals of Indian foreign policy.

अथवा

Or

गुटनिरपेक्षता से क्या आशय है? भारत ने इस नीति का अनुसरण क्यो किया? कोई तीन कारण लिखिये।

What is the meaning of Non-alignament. Why did India followed this policy. State three causes of it.

प्रश्न 23. भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिये?

Deccribe main characteristic of. The Indian constitution .

अथवा

Or

भारतीय नागरिकों को प्रदत्त मौलिक अधिकारों का वर्णन कीजिये?

Which fundamental rights have been incorporated in the constitution of India explain.

प्रश्न 24. संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख अंगों का संक्षिप्त वर्णन कीजिये?

Describe in brief the main agencies of United Nations Oraganization .

अथवा

Or

विश्व स्वास्थ्य संगठन क्या है? इसके उद्देश्य बताइये?

What is world health organization? Write its main principles.

– – – – – –

# आदर्श उत्तर

## विषय – राजनीति विज्ञान (Political Science)
## कक्षा – बारहवीं

**वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर –**

उत्तर 1. सही विकल्प

1. सन 1917 में।
2. सन 1966 में
3. महिलाओं को मजबूत बनाना
4. न्यूयार्क
5. 27 प्रतिशत

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति :–

1. 395
2. रोजगार
3. आर्थिक असमानता
4. शासनाध्यक्ष
5. संयुक्त राष्ट्र संघ

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 3. एक वाक्य में उत्तर लिखिए –

1. सन 1991 में।
2. सार्क।
3. सरदार वल्लभ भाई पटेल।
4. 24 अक्टूबर।
5. गुट निरपेक्ष आंदोलन।

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 4. सही जोडियां –

(अ) प्रतियोगिता बनाये रखना।

(ब) 1952

(स) 1972

(द) आर्थिक स्थिति

(इ) 1986

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 5. सत्य/असत्य –

(i) सत्य

(ii) असत्य

(iii) सत्य

(iv) सत्य

(v) असत्य

**प्रत्येक सही लिखने पर 1 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 6. पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से जम्मू एवं कश्मीर के लगभग 40 प्रतिशत भाग पर कब्जा जमा रखा था। पाकिस्तान द्वारा अधिकृत कश्मीर ''आजाद कश्मीर'' पाकिस्तानी मानते है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

''इन्स्ट्रूमेंट ऑफ एक्शेसन'' एक प्रकार का दस्तावेज था। इस दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर कोई भी नरेश भारतीय संघ में सम्मिलित हो सकता था, बदले में

प्रतिरक्षा, विदेशी मामले तथा यातायात एवं संचार व्यवस्था का उत्तरदायित्व संघीय सरकार को सौंपना जरूरी था।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 7.

1. पुनर्गठन करते समय भारत की अखण्डता एकता और सुरक्षा की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुनर्गठन पर विचार किया जाये।
2. भाषायी और सांस्कृतिक सजातियता को भी विचारण में रखा जाये।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

1. कबाइलों द्वारा कश्मीर पर आक्रमण करना।
2. पाकिस्तान कश्मीर को विलय पाकिस्तान में करना चाहता है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 8. सरदार वल्लभ भाई पटेल, मौलाना अब्दुल कलाम, पं. जवाहर लाल नेहरू, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, गोविन्द वल्लभ पन्त, डॉ. राधाकृष्णन, पुरूषोत्तम टण्डन, के.एम. मुंशी आदि।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

जहां राज्य का सर्वोच्च अधिकारी अर्थात राष्ट्रपति जन साधारण द्वारा प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से चुना जाता है। तब ऐसे राज्य को गणराज्य कहा जाता है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 9. गुट निरपेक्ष आन्दोलन के प्रमुख नेता पंडित जवाहर लाल नेहरू थे।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

1. भारत
2. पाकिस्तान
3. श्रीलंका
4. नेपाल
5. भूटान
6. बंगलादेश
7. मालदीप

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 10. चीन ने भारत पर आक्रमण सन 1962 में किया था।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

कश्मीर की सीमा भारत, पाकिस्तान, चीन और तिब्बत, अफगानिस्तान से लगी हुई है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 11. आर्थिक नियोजन आवश्यक रूप से सामाजिक उद्देश्यों के अनुरूप साधनों को अधिकतम लाभ के लिये संगठित एवं उपयोग करने का एक मार्ग है। इसके अंतर्गत उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये अपनाई गई नीति एवं उपलब्ध साधनों तथा उनके अधिकतम आवंटन के संबंध में ज्ञान है।

परिभाषा 1. व्यापक अर्थ में आर्थिक नियोजन विशाल साधनों के संरक्षण द्वारा निश्चित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु आर्थिक क्रियाओं का सचेत निर्देशन है।

– डॉल्टन

2. आर्थिक विकास के लिये नियोजन का अर्थ है नियोजन संस्था द्वारा आर्थिक क्रिया का बाह्य निर्देशन या नियमन।

–डी.आर. गाडगिल

**अर्थ एवं परिभाषा दोनों लिखने पर पूरे 4 अंक अर्थात अर्थ पर 2 अंक परिभाषाओं पर 2 अंक दिये जाए।**

अथवा

पिछड़े वर्ग में जिन लोगों को उच्च सामाजिक एवं आर्थिक स्तर प्राप्त हो चुका है उन्हें क्रीमीलेयर अथवा सम्पन्न वर्ग कहा जाता है। ऐसे वर्ग के लोगों के पुत्र/पुत्रियों को शासकीय सेवाओं में आरक्षण की सुविधा नहीं मिलती है। शासन द्वारा क्रीमीलेयर वर्ग की एक आय सीमा लगभग 1,00,000 लाख तय की है जो समय –समय पर बढ़ाई भी जा सकती है। क्रीमीलेयर विशेषज्ञ समिति का उद्देश्य भारत में पिछड़े वर्गों के समृद्धि और सम्पन्न लोगों की एक मानक सूची के द्वारा कुछ लोगों को इस वर्ग में रखा गया है। इसका आशय यह है कि इन वर्गों को आरक्षण का लाभ नही मिलेगा। ये व्यक्ति/वर्ग है :–

1. संवैधानिक पदों पर हो उनके पुत्र/पुत्रियों को लाभ नहीं मिलेगा।
2. माता–पिता में से कोई एक प्रथम श्रेणी का राजपत्रित अधिकारी हो।
3. दोनों अभिभावक द्वितीय श्रेणी राजपत्रित अधिकारी हो।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 12. क्षेत्रवाद को रोकने के लिये कोई चार उपाय –

1. संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना।
2. विशिष्ट जातीय समुदाय के हितों की सुरक्षा।

3. पिछड़े क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान।

4. क्षेत्रीय आंदोलनों की हिंसात्मक प्रवृत्ति पर अंकुश

**उपर्युक्त जैसे अन्य चार कारण भी लिखने पर 2 अंक एवं संक्षेप में व्याख्या करने पर पूरे चार अंक दिये जायें।**

अथवा

सामाजिक असमानता का लोकतंत्र पर दुष्प्रभाव

1. सामाजिक असमानता के चलते लोकतंत्र वर्गतंत्र बन जाता है।

2. धनढ्य लोग मध्यम वर्ग या कमजोर वर्ग पर शासन करते है।

3. लोकतांत्रिक संस्थाएं सार्वजनिक हित कम जातीय हित के लिये काम करती है।

4. साम्प्रदायिकता को बढ़ावा मिलता है।

5. क्षेत्रीय असंतुलन।

**ऐसे अन्य कारण/प्रभाव, वर्णन करने पर पूरे 4 अंक दिये जाये।**

उत्तर 13. राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन सन् 1990 में किया गया इसमें अध्यक्ष पांच सदस्य तथा सदस्य सचिव होता हैं ये सभी सदस्य केन्द्र सरकार द्वारा नामित होते है। इनका कार्यकाल 3 वर्ष का होता है। समय के पूर्व भी इन्हें हटाया जा सकता है–

आयोग के कार्य –

1. संविधान और अन्य विधियों के अधीन महिलाओं से संबंधित समस्त मामलों का अन्वेषण और परीक्षण करना।

2. महिलाओं की दशा सुधारने हेतु उपायों को क्रियान्वयन हेतु सुझाव देना।

3. महिलाओं के प्रति विभेद एवं अत्याचार में मामलों का अन्वेषण करना।

4. जेल, रिमाण्ड गृह नारी निकेतन आदि में रहने वाली महिलाओं की स्थिति का अन्वेषण करना।

**उपर्युक्त महिला आयोग का गठन एवं उसके कार्य लिखने पर क्रमशः 2–2 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

1. सस्ती साख।
2. महाजनों से मुक्ति।
3. साख का सदुपयोग।
4. उचित मूल्य पर कृषि उपज की बिक्री।
5. बचत व मितव्ययिता को प्रोत्साहन।
6. एकाधिकार पर रोक।
7. मिलकर काम करने व बढ़ने की प्रवृत्ति का विकास।

**कोई चार का वर्णन करन`पर 2+2 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 14.

(1) प्रभुसत्ता तथा क्षेत्रीय अखण्डता अर्थात एक दूसरे की संप्रभुता और अखण्डता के प्रति पारस्परिक सम्मान की भावना रखना।

(2) अनाक्रमण की नीति अर्थात एक दूसरे के क्षेत्र में आक्रमण न करना।

(3) अहस्तक्षेप अर्थात एक दूसरे के आंतरिक मामलों में दखल न देना।

(4) समानता एवं पारस्परिक लाभ।

(5) शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व।

**नोट : हर एक सिद्धांत लिखने पर 1 अंक एवं पूरे 5 लिखने पर 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

तनाव शैथिल्यता महाशक्तियों के मध्य शक्ति संतुलन की स्थापना तथा उसकी स्वीकृति है। इसमें सैद्धांतिक मतभेदों के बावजूद आर्थिक तकनीकी, व्यापारिक

तथा सांस्कृतिक क्षेत्रों में सहयोग होता है। सैनिक गठबंधनों का महत्व तथा दृढ़ता कम हो जाती है। यह महाशक्तियां के व्यवहार के नियमों की व्यवस्था करता है।

दो परिभाषाएं –

(1) तनाव शैथिल्य का अभिप्राय शांतिपूर्ण सह अस्तित्व से हैं।

– जफर इमाम

(2) तनाव शैथिल्य का अभिप्राय है तनाव में सोच समझकर और कभी जानबूझकर की गयी भारत–पाकिस्तान तनाव के दो मूलभूत कारण।

– कोरल बेल

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 15. विश्व बैंक की स्थापना ब्रेटेनवुउस सम्मेलन में पारित प्रस्ताव के तहत की गई थी। औपचारिक रूप से यह सन् 1945 में स्थापित हुआ था। नवम्बर 1947 से यह संयुक्त राष्ट्र के विशिष्ट अभिकरण (Agency) के रूप में कार्य करने लगा। केवल वे ही राष्ट्र इसके सदस्य बन सकते है जो अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के सदस्य है।

बैंक की कार्यप्रणाली के निर्देशक सिद्धांत –

(1) बैंक मात्र निश्चित परियोजनाओं के लिये ऋण देता है, जो आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से यथोचित है।

(2) ऋण देते समय बैंक संबंधित राष्ट्र की ऋण अदायगी की क्षमता का आंकलन करता है।

(3) बैंक किसी योजना के विदेशी विनियम वाले भाग के व्यय के लिये कर्ज देता है और शेष खर्च के लिये यह आशा करता है कि संबंधित राष्ट्र अपने संसाधन जुटायेगा।

(4) बैंक यह अपेक्षा करता है कि संबंधित राष्ट्र मशीनरी और वस्तुएं अधिकतम सस्ते बाजार से खरीदेगा।

(5) बैंक ऋण लेने वाले राष्ट्र की सामान्य आर्थिक प्रगति और संबंधित परियोजनाओं पर निरंतर नजर रखता है।

**विश्व बैंक के बारे में तथा निर्देशक सिद्धांत कोई चार लिखने पर क्रमशः 2+2 अंक कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

सार्क का पूरा नाम दक्षिण एशियाई क्षेत्र सहयोग संगठन है। यह दक्षिण एशिया के देशों मे ंआपसी मेलजोल बढ़ाने तथा एक दूसरे के विकास में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1985 में बनाया गया था इसमें दक्षिण एशिया के भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बंग्लादेश, नेपाल, भूटान तथा मालद्वीप आदि सात देश सम्मिलित है।

दक्षेस या सार्क के निम्न उद्देश्य है –

(1) दक्षिण एशिया में स्थित देशों की जनता के जीवन स्तर के उठाने का प्रयास करना।

(2) दक्षिण एशिया के सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक विकास में तीव्रता लाना।

(3) सदस्य देशों की सामूहिक आत्मनिर्भरता में वृद्धि करना।

(4) परस्पर सहयोग व विचार विमर्श द्वारा एक दूसरे देश की समस्याओं का मूल्यांकन करना।

(5) अन्य विकासशील देशों के साथ–सहयोग भावना को दृढ़ करना।

(6) सामाजिक सांस्कृतिक, आर्थिक तकनीकी तथा वैज्ञानिक क्षेत्रों में परस्पर सहायता देना।

**सार्क का पूरा नाम तथा उद्देश्य बताने पर क्रमशः 2+2 अंक कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 16. (1) पाकिस्तान कश्मीर सहित पूरे भारतीय उपमहाद्वीप के मुस्लिमों का एकमात्र प्रतिनिधि स्वयं को मानता है यही अवधारणा पाकिस्तान द्वारा प्रायः किये जाने वाले उस प्रचार का स्त्रोत है। जिसमें पाकिस्तान, यह घोषित करता है कि भारत की धर्मनिरपेक्षता सैद्धांतिक है, व्यवहार में भारत एक हिन्दू राष्ट्र है।

(2) भारत के प्रति पाकिस्तान का नजरिया हमेशा अल्पसंख्यक की मनःस्थिति (Continuing minority complex) से प्रभावित रहा है

प्रो. बलजीत सिंह ने अपनी पुस्तक India's foreign policy में उपर्युक्त कारण लिखे है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

नेपाल हिमालय में बसा हुआ भारत और तिब्बत के बीच स्थित एक छोटा सा देश है। यह विश्व का एकमात्र हिन्दू राष्ट्र है। चीन द्वारा तिब्बत पर आधिपत्य के बाद भारत व चीन के बीच एक अवरोधक राज्य का कार्य करता है। उत्तर में भारत की सुरक्षा बहुत कुछ नेपाल की सुरक्षा पर निर्भर करती है।

सन् 1950 में राणा शमशेर के विरुद्ध नेपाल में गृहयुद्ध प्रारंभ हो गया और वहां पर लोकतंत्र की स्थापना हुई। भारत ने बार–बार संयुक्त राष्ट्र संघ में नेपाल की सहायता की और वकालत की जिसके परिणामस्वरूप 1955 में संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बन गया।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 17. भूमण्डलीकरण का अर्थ –

शुद्ध अर्थ में भूमण्डलीकरण का अर्थ राष्ट्रीय भौगोलिक सीमाओं का न होना तथा भौगोलिक दूरियों की समाप्ति माना जा सकता है। इसका तात्पर्य विभिन्न देशों व व्यक्तियों से संबंधित विचारों और तकनीकों संस्कृतियों तथा अर्थव्यवस्थाओं के बीच तेजी से आदान–प्रदान से भी है।

विशेषताएं –

1. व्यापार का तीव्र विकास होता है। विशेष रूप से इसमें बहुराष्ट्रीय निगम ज्यादा विकसित होते है।

2. राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को विश्व की अर्थव्यवस्था के साथ एकीकृत किया जाता है। जिसमें भौगोलिक व राजनैतिक अवरोध समाप्त हो जाते है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

आर्थिक उदारीकरण के प्रमुख उद्देश्य –

1. व्यवसाय के क्षेत्र में सरकार व नौकरशाही के हस्तक्षेप को कम करना।

2. आर्थिक क्षेत्र में अनुसंधान के माध्यम से वस्तुओं एवं सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना।

3. प्रबन्धकीय दक्षता का विकास करना।

4. अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होना।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 18. 16 जनवरी 1956 की सरकार ने राज्य पुनर्गठन आयोग की निम्नलिखित सिफारिशें को स्वीकृत कर लिया था।

1. केरल, मध्यप्रदेश तथा कर्नाटक नामक नवीन राज्यों की स्थापना की जाए।

2. असम में त्रिपुरा के क्षेत्र को सम्मिलित न किया जाए।

3. मद्रास, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम, बंगाल, असम तथा उड़ीसा पूर्व की भांति बने रहे।

4. विभिन्न प्रकार के राज्यों अर्थात उनकी चारों श्रेणीयां के बीच भिन्नता को समाप्त कर दिया जाए।

5. त्रिपुरा को केन्द्र प्रशासित क्षेत्र के रूप में बनाए रखा जाए।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

हैदराबाद भारत के केन्द्र में स्थित एक बड़ी रियासत थी जिसमें 85 प्रतिशत हिन्दू थे। इसका शासन निजाम उसमान अली खान था यह रियासत चारों तरफ से हिन्दुस्तानी इलाके से घिरी थी। हैदराबाद के शासक निजाम दुनिया का सबसे दौलतमंद शासक था। हैदराबाद रियासत के लोगों ने निजाम के शासन के विरुद्ध आंदोलन छेड़ दिया। हैदराबाद, शहर इस आंदोलन का गढ़ बन गया। आंदोलन को देख निजाम ने लोगों के खिलाफ एक सैनिक बल रवाना किया जिसे रजाकर कहा जाता था। हत्या, लूटपाट एवं बलात्कार किये। निजाम के इन आततायी रजाकारों पर काबू पाने के लिए सितम्बर 1948 में भारतीय सेना हैदराबाद आ पहुंची और निजाम ने आत्मसमर्पण कर दिया। निजाम के आत्मसमर्पण के साथ ही हैदराबाद का भारत में विलय हो गया।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 19. 1. रोजगार के सात करोड़ नए अवसर सृजित करना।

2. सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) वृद्धि दर का लक्ष्य बढ़ाकर 10 प्रतिशत करना।

3. वर्ष 2016–17 तक प्रति व्यक्ति आय दोगुनी करना।

4. शिक्षित बेरोजगारी दर को घटाकर पांच प्रतिशत से कम करना।

5. 7 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में साक्षरता दर बढ़ाकर 85 प्रतिशत करना और उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले प्रत्येक आयु वर्ग के अनुसार को योजना के अंत तक बढ़ाकर 15 प्रतिशत करना।

6. वनों एवं वृक्षों के क्षेत्रफल में 5 प्रतिशत करना।

7. नदियों के जल को स्वच्छ करने हेतु समस्त शहरी तरल कचरे को उपचारित करना।

8. शिशु मृत्यु दर को घटाकर 28 तथा मातृत्व मृत्य दर को घटाकर प्रति हजार जीवित जन्म के स्तर पर लाना।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के विकास और कल्याण के लिए शासन द्वारा उठाये कदम –

(1) अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियां के उम्मीदवारों हेतु प्रशिक्षण योजनाएं

(2) इन जातियों के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियां

(3) अनुसूचित महिला और बाल विकास के लिए परामर्शदात्री परिषद की व्यवस्था

(4) अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजाति के विकास कार्यक्रम में लगी हुई गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्थाओं को अनुदान की व्यवस्था

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 20. लोकतंत्र मनुष्य की स्वतंत्रता को सुनिश्चित करता है। निरक्षरता व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार जीवन जीने की स्वतंत्रता को बाधित करती है। साक्षरता एक ऐसी स्वतंत्रता है जिसे लोकतांत्रिक व्यवस्था हर किसी व्यक्ति को उपलब्ध कराती है, परंतु इस अधिकार को व्यवहार में क्रियान्वित करने के लिये मनुष्य को शिक्षित होना अनिवार्य है शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति को सामाजिक आर्थिक तथा राजनैतिक विकल्पों की जानकारी होती है शिक्षा के अभाव में एक निरक्षर व्यक्ति का शोषण निहित स्वार्थों द्वारा ज्यादा आसानी से किया जाता है। प्रशासकीय तंत्र द्वारा भी उसे गुमराह किया जा सकता है।

साक्षरता सामाजिक परिवर्तन के कार्य को असान बना देती है इस रूप में यह मानव विकास के निर्मित मूलभूत आवश्यकता है। मनुष्य का विकास ही लोकतंत्र का मूल अभीष्ट है।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

आर्थिक असमानता का अर्थ –

समाज का दो वर्गों में विभक्त होना अर्थात अमीर एवं गरीब जो कि संघर्ष का कारण बनता है। आर्थिक असामनता कहलाती है। आर्थिक असमानता ही हिंसा, चोरी, अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों को जन्म देती है अर्थात आर्थिक असमानता सभी प्रकार की समस्याओं की जड़ है एवं गरीबों के हितों को कुचला जाता है।

भारतीय संविधान में इसे दूर करने के उपाय :–

(1) अनुच्छेद 23 के अंतर्गत शोषण का निषेध किया गया जबकि अनुच्छेद 24 के अन्तर्गत बेगार का निषेध किया गया है।

(2) नीति निर्देशक तत्वों के तहत समान कार्य के लिये समान वेतन की बात कही गई है।

(3) 39 A के अनुसर राज्य इस बात के लिए सचेष्ट रहेगा कि समाज के भौतिक संसाधनों का समान वितरण हो।

(4) 39 B के तहत राज्य इस बात की कोशिश करेगा कि पूंजी का कुछ ही हाथों में संकेन्द्रण न होने पाये।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 21. पर्यावरण का प्रार्दुभाव परि तथा आवरण शब्दों से मिलाकर हुआ है। परि का शाब्दिक अर्थ चारों ओर आवरण का अभिप्राय घेरा होता है। अर्थात जीवित

प्राणियों के अस्तित्व तथा जीवन को प्रभावित करने वाले सभी तत्व एवं कारक पर्यावरण है।

पर्यावरण प्रदूषण के अनेक कारण है। जिनमें से कुछ प्रमुख निम्न प्रकार हैं।

(1) वनों की अंधाधुंध कटाई

(2) कृषि का व्यवसायीकरण

(3) प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग

(4) बांध परियोजनाएं तथा अवैध खनन

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

वृक्षों की कटाई के विरुद्ध एक सशक्त एवं उन्मुख आंदोलन चिपको आंदोलन था। चिपको आंदोलन के मुख्य कर्णधार सुन्दरलाल बहुगुणा एवं चण्डीप्रसाद भट्ट थे। दोनों ने अपने सहयोगियों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण–शिक्षा आदि के विषय में पूरे उत्तराखंड में जनजागरण का कार्य किया। बहुगुणा का कार्यक्षेत्र मुख्य रूप से टिहरी जिला रहा। विमला बहुगुणा, राधा, शाशि जैसी कई स्त्रियों ने 75 दिनों की पद यात्रा की सुन्दरलाल बहुगुणा ने इस आंदोलन को जन–जन तक पहुंचाने के लिये 2800 किमी की पद यात्रा की।

शिक्षा – चिपको आंदोलन अत्यंत सफल रहा; इस आंदोलन ने दुनिया को दिखा दिया कि पहाड़ों के जंगल स्थानीय लोगों के जीवन के आधार हैं इस आंदोलन को राष्ट्रीय समर्थन मिला। हिमालय क्षेत्र के वनों को संरक्षित क्षेत्र घोषित करने की मांग को सरकार ने सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर लिया। पर्यावरण संरक्षण करना मनुष्य का अहम कार्य है। यदि वन संरक्षित रहेंगे तो पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा।

**उपरोक्तानुसार लिखने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 22. भारतीय विदेश नीति के प्रमुख सिद्धांत –

(1) गुट निरपेक्षता की नीति

(2) विश्व शांति की नीति

(3) साम्राज्यवाद का विरोध

(4) रंगभेद नीति का विरोध

(5) स्वतंत्र विदेश नीति

(6) विकास शील नीति

**पांच सिद्धांतों व संक्षिप्त वर्णन करे, संक्षिप्त व्याख्या आपेक्षित है, पर पूरे 5 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

'गुट–निरपेक्षता' या 'असंलग्नता' का आशय है महाशक्तियों के साथ अपनी राजनीतिक को न जोड़ना अर्थात गुटों से दूर रहकर अपनी स्वतंत्र विदेश नीति अपनाना।

भारत द्वारा गुट निरपेक्षता की नीति अपनाये जाने के कारण –

(1) भारत दोनों महाशक्तियों में से किसी का भी मोहरा नहीं बनना चाहता था।

(2) भारत अपनी स्वतंत्रता एवं सर्वोच्चता को अक्षुण्य बनाये रखना चाहता है।

(3) भारत अपनी विदेश नीति को प्रभावित नहीं होने देना चाहता था।

(4) किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र की भांति भारत अपने निर्णय की स्वतंत्रता बनाये रखना चाहता था।

(5) भारत को दोनों महाशक्तियों के सहयोग की आवश्यकता थी।

**गुट निरपेक्षता का अर्थ + भारत द्वारा नीति अपनाये जाने के कारण पर 2+3 अंक कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 23. संविधान की विशेषतायें

(1) जन सम्प्रभुता पर आधारित।

(2) लिखित और सर्वाधिक व्यापक संविधान।

(3) सम्पूर्ण प्रभुत्व–सम्पन्न समाजवादी, धर्म निरपेक्ष लोक तांत्रिक गणराज्य की स्थापना।

(4) संसदीय शासन प्रणाली।

(5) एकात्मक लक्षणों वाली संघीय व्यवस्था।

(6) स्वतंत्र न्याय पालिका और न्यायिक पुनरीक्षण की व्यवस्था।

(7) कठोरता और नमनीयता का अद्भुत सम्मिश्रण।

(8) संसदीय संप्रभुता और न्यायिक सर्वोच्चता के मध्य समन्वय।

(9) धर्म निरपेक्ष राज्य की स्थापना।

(10) मौलिक अधिकारों तथा मौलिक कर्तव्यों की व्यवस्था।

(11) नीति निर्देशक तत्वों की व्यवस्था।

(12) अल्पसंख्यकों का तथा पिछड़े वर्गों के कल्याण की विशेष व्यवस्था।

**किन्हीं चार विशेषताओं के बिन्दु लिखने पर व व्याख्या करने पर 2+4 अंक कुल 6 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

मौलिक अधिकार

(1) समानता का अधिकार

(2) स्वतंत्रता का अधिकार

(3) शोषण के विरुद्ध अधिकार

(4) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

(5) सांस्कृतिक और शिक्षा विषयक अधिकार

(6) संवैधानिक उपचारों का अधिकार

(1) समानता का अधिकार – यह लोकतंत्र का मूल आधार होता है, अतः भारतीय संविधान में अनुच्छेद 14 से 18 तक समानता के अधिकार का विस्तृत उल्लेख किया गया है।

(2) स्वतंत्रता का अधिकार – चूंकि देश के संविधान का उद्देश्य विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म तथा उपासना की आजादी सुनिश्चित करना है। अतः संविधान के अनुच्छेद 19 से 22 तक इन अधिकारों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया है।

(3) शोषण के विरुद्ध अधिकार – भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 से 24 द्वारा समस्त नागरिकों को शोषण के खिलाफ अधिकार प्रदत्त करके दासता की समस्त स्थितियों को समाप्त करने का प्रयास किया गया है।

(4) धार्मिक – स्वतंत्रता का अधिकार – भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25–28 द्वारा देशीय एवं विदेशी सभी को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार दिया गया है।

(5) संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार – समस्त भारतीय नागरिकों को अनुच्छेद 29 से 30 द्वारा संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार दिए गए है।

(6) संवैधानिक उपचारों का अधिकार – भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 द्वारा संवैधानिक उपचारों का अधिकार प्रदान किया गया है।

**छः मौलिक अधिकारों की व्याख्या करने पर क्रमशः 3+3 अंक कुल 6 अंक प्राप्त होंगे।**

उत्तर 24. संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख अंग –

(1) महासभा

(2) सुरक्षा परिषद्

(3) आर्थिक एवं सामाजिक परिषद्

(4) न्यास परिषद्

(5) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय

(6) सचिवालय

**संक्षिप्त व्याख्या करने पर क्रमशं 3+3 अंक कुल 6 अंक प्राप्त होंगे।**

अथवा

विश्व स्वास्थ्य संगठन –

1921 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यालय की स्थापना और राष्ट्र संघ द्वारा 1923 में एक स्थायी स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की। इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास कहा जा सकता है।

संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक एवं सामाजिक परिषद द्वारा न्यूयार्क में आयोजित एक सम्मेलन में (जून–जुलाई 1946) में विश्व स्वास्थ्य संगठन के संविधान की रचना की गई तथा 7 अप्रेल 1948 को विश्व स्वास्थ्य संगठन की विधिवत स्थापना हुई। इसका प्रारंभ 61 सदस्यों से हुआ जो आज 192 हो गई है।

उद्‌देश्य –

(1) सभी जातियों के लोगों द्वारा स्वास्थ्य के यथासंभव उच्चतम स्तर की प्राप्ति करना है।

(2) संगठन के संविधान में कहा गया है कि स्वास्थ्य प्राप्ति प्रत्येक मनुष्य का मौलिक अधिकार है।

(3) संगठन का संविधान इस बात पर बल देता है कि सभी लोगां को स्वास्थ्य शांति और सुरक्षा की प्राप्ति के लिये मूलाधार है और यह व्यक्तियों तथा राज्यों के सर्वाधिक सहयोग पर ही निर्भर करता है।

**विश्व स्वास्थ्य संगठन क्या है + उद्‌देश्य पर क्रमशः 3+3 अंक कुल 6 अंक प्राप्त होंगे।**

– – – – – – – – –